छः सहपाठियों ने एक परीक्षा दी। यथार्थ ने करन से अधिक अंक प्राप्त किए। पार्थ ने अमृता से कम अंक प्राप्त किए। विनीता ने पार्थ से अधिक अंक प्राप्त किए। पार्थ ने यथार्थ के ठीक बराबर अंक प्राप्त किए। गिरीश ने करन से अधिक अंक प्राप्त नहीं किए। विनीता ने अमृता से कम अंक प्राप्त किए। उपरोक्त जानकारी के आधार पर निम्नलिखित में से कौन सा विकल्प सही नहीं है?

A. यथार्थ ने अमृता से अधिक अंक प्राप्त किए। ✓

B. गिरीश ने पार्थ से कम अंक प्राप्त किए।

C. करन ने विनीता से कम अंक प्राप्त किए।

D. अमृता ने करन से अधिक अंक प्राप्त किए।

Q10 General Intelligence and Reasoning

एक निश्चित कूट भाषा में, RAJAN को TDNFT लिखा जाता है, और STRAW को UWVFC लिखा जाता है। उसी कूट भाषा में ENJOY को किस प्रकार लिखा जाएगा?

A. GQCRL

B. RCNTE

C. GQRCL

D. GQNTE ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q11 General Intelligence and Reasoning

'BELATED' का 'TLEEDBA' से, और 'STOREY' का 'YTSROE' से वही संबंध है, जो 'DOUBBLE' का '_____' से है।

A. OULEDBC

B. OULEDBB

C. UOLEDBC

D. UOLEDBB ✓

Q12 General Intelligence and Reasoning

आठ व्यक्ति एक वृत्ताकार मेज के परितः एक दूसरे से समान दूरी पर मेज के केंद्र की ओर पीठ करके बैठे हैं। इशिन, अंशु के दाईं ओर ठीक बगल में बैठी है। अमीना, ध्रुव के ठीक बगल में नहीं बैठी है। हरमीत और फिजा के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। ध्रुव, वरुण के बाईं ओर ठीक बगल में बैठा है। मोहित और हरमीत के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। फिजा, अंशू के बाईं ओर ठीक बगल में बैठी है। इशिन और वरुण के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। हरमीत के बाईं ओर ठीक बगल में कौन बैठा/बैठी है?

A. ध्रुव

B. अमीना ✓

C. इशिन

D. वरुण

Q13 General Intelligence and Reasoning

यदि '+' का अर्थ 'भाग' है, '÷' का अर्थ 'घटाना' है, '−' का अर्थ 'गुणा' है, और '×' का अर्थ 'जोड़ना' है, तो निम्नलिखित समीकरण में X का मान कितना है?

$200 + 10 - 25 \times 60 \div 20 = X$

A. 500

B. 520

C. 540 ✓

D. 560

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q14 General Intelligence and Reasoning

निम्नलिखित प्रश्न में दो कथन I और II दिए गए हैं। ये कथन या तो स्वतंत्र कारण हो सकते हैं, या स्वतंत्र कारणों या किसी एक उभयनिष्ठ कारण के प्रभाव हो सकते हैं। इनमें से एक कथन दूसरे कथन का प्रभाव हो सकता है। दोनों कथनों को पढ़िए और तय कीजिए कि निम्नलिखित में से कौन सा उत्तर विकल्प, इन दोनों कथनों के बीच के संबंध को सही ढंग से दर्शाता है?

कथन:

I) पिछले महीने मंदी के कारण, सॉफ्टवेयर पेशेवर - साकेत की नौकरी चली गई।

II) बाजार में उनके उत्पादों की मांग में गिरावट की वजह से, सेल्सपर्सन अयांश को केवल आधा वेतन प्राप्त हुआ।

A. कथन I और II, दोनों स्वतंत्र कारण हैं।

B. कथन I कारण है, और कथन II इसका प्रभाव है।

C. कथन I और II दोनों एक उभयनिष्ठ कारण के प्रभाव हैं। ✓

D. कथन II कारण है, और कथन I इसका प्रभाव है।

Q15 General Intelligence and Reasoning

5 मित्रों, J, K, L, M और N के एक समूह में, सभी ने अलग - अलग अंक प्राप्त किए। J ने L और N की तुलना में अधिक अंक प्राप्त किए, लेकिन K और M की तुलना में कम अंक प्राप्त किए। K ने M की तुलना में अधिक अंक प्राप्त किए। L ने सबसे कम अंक प्राप्त नहीं किए। इनमें से किसने सबसे कम अंक प्राप्त किए?

A. N ✓

B. J

C. K

D. M

Q16 General Intelligence and Reasoning

दिए गए विकल्पों में से उस संख्या का चयन करें, जो निम्नलिखित श्रेणी में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आकर श्रेणी को जारी रख सकती है।

17, 31, 55, 93, 149, ?

A. 227 ✓

B. 219

C. 247

D. 223

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q17 General Intelligence and Reasoning

यदि 13 जून 2005 को शुक्रवार था, तो 5 जुलाई 2005 को सप्ताह का कौन सा दिन था?

A. रविवार

B. शनिवार ✓

C. गुरुवार

D. मंगलवार

Q18 General Intelligence and Reasoning

दिए गए संख्या-युग्मों में से प्रत्येक में, दूसरी संख्या, पहली संख्या पर कुछ निश्चित गणितीय संक्रियाएं करके प्राप्त की जाती है। निम्नलिखित चार संख्या-युग्मों में से तीन एक समान पैटर्न का पालन करते हैं, और इस प्रकार एक समूह बनाते हैं। उस संख्या-युग्म का चयन करें, जो उस समूह से संबंधित नहीं है।

A. 19 : 363 ✓

B. 14 : 197

C. 13 : 170

D. 17 : 290

Q19 General Intelligence and Reasoning

उस विकल्प का चयन कीजिए, जिसका पांचवें अक्षर-समूह से वही संबंध है, जो दूसरे अक्षर-समूह का पहले अक्षर-समूह से है, और चौथे अक्षर-समूह का तीसरे अक्षर-समूह से है।

HUDK : KWGM :: RBNF : UDQH :: LPQV : ?

A. OSTY

B. ORTX ✓

C. NRSX

D. NSSY

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q20 General Intelligence and Reasoning

अक्षरों के उस संयोजन का चयन कीजिए, जिसे दी गई शृंखला के रिक्त स्थानों में क्रमिक रूप से रखने पर शृंखला पूर्ण हो जाएगी।

_ h _ _ c d _ p _ c _ h _ k _ d h _ k _

A. phcdkpchdk

B. dpkhkdpcpc ✓

C. dphkchdpck

D. phdkpchkpc

Q21 General Intelligence and Reasoning

दिए गए विकल्पों में से उस अक्षरांकिक-समूह का चयन करें, जो निम्नलिखित शृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आ सकता है।

F6, H12, J18, L24, ?

A. N12

B. M12

C. M30

D. N30 ✓

Q22 General Intelligence and Reasoning

एक निश्चित कूट भाषा में, अक्षरों को उनके वर्णमाला क्रम (जैसे - A को 1 और Z को 26) के अनुसार कूटबद्ध किया जाता है। हालांकि, यदि कोई अक्षर, किसी शब्द में दो बार आता है, तो दूसरी बार आने पर, इसे वर्णमाला के उल्टे क्रम में इसकी स्थिति के अनुसार कूटबद्ध किया जाता है। इसके अलावा, यदि कोई स्वर, दो व्यंजनों के बीच आता है, तो इसे इसकी संगत क्रम संख्या के दोगुने के रूप में कूटबद्ध किया जाता है।

निम्नलिखित में से कौन सा GLASS के लिए सही कूट है?

A. 7122198 ✓

B. 7122189

C. 7121198

D. 71221991

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q23 General Intelligence and Reasoning

एक प्रश्न और उसके बाद दो कथन - 1 और 2 दिए गए हैं। तय करें कि कौन से कथन प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त/आवश्यक हैं।

प्रश्न:

किसी दिए गए महीने की 17 तारीख को कौन सा दिन है?

कथन:

1. महीने का आखिरी दिन सोमवार है।

2. महीने का दूसरा शनिवार 12 तारीख को है।

A. न तो 1 और न ही 2 पर्याप्त है।

B. 1 और 2 दोनों आवश्यक हैं।

C. 2 अकेले पर्याप्त है, जबकि 1 अकेले पर्याप्त नहीं है। ✓

D. 1 अकेले पर्याप्त है, जबकि 2 अकेले पर्याप्त नहीं है।

Q24 General Intelligence and Reasoning

दिए गए समीकरण को सही करने के लिए किन दो चिह्नों को आपस में बदला जाना चाहिए?

$69 \times 3 - 4 \div 5 + 6 = 9$

A. + और −

B. ÷ और +

C. × और ÷ ✓

D. × और +

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q25 General Intelligence and Reasoning

पांच मित्र, पुनीत, जतिन, गौतम, अर्शिल और टीना, को पांच विषयों - गणित, अंग्रेजी, विज्ञान, कंप्यूटर और हिंदी में से अलग - अलग विषय पसंद हैं, लेकिन उनका इसी क्रम में होना अनिवार्य नहीं है। प्रत्येक मित्र को क्रिकेट, हॉकी, बैडमिंटन, फुटबॉल और बास्केटबॉल में से कोई एक खेल भी पसंद है, साथ ही उनमें से किन्हीं दो का पसंदीदा खेल समान नहीं है।

टीना को विज्ञान पसंद है, लेकिन उसे हॉकी पसंद नहीं है। जिसे हिंदी पसंद है, उसे बास्केटबॉल भी पसंद है। अर्शिल को बैडमिंटन पसंद है, लेकिन उसे कंप्यूटर या अंग्रेज़ी पसंद नहीं है। गौतम को हॉकी पसंद है, लेकिन उसे अंग्रेज़ी या गणित पसंद नहीं है। टीना को फुटबॉल पसंद है। पुनीत को क्रिकेट पसंद है। इनमें से किसे हिंदी पसंद है?

A. जतिन ✓

B. पुनीत

C. अर्शिल

D. गौतम

Q26 General Intelligence and Reasoning

राहुल अपने घर से पार्क जाने के लिए चलना शुरू करता है। वह पूर्व की ओर 50 मीटर चलता है, फिर दक्षिण की ओर मुड़ता है, और 10 मीटर चलता है। फिर वह दाएं मुड़ता है, और 40 मीटर चलता है। अंत में, वह दाएं मुड़ता है, और 20 मीटर चलकर पार्क पहुंच जाता है। उसका घर पार्क से किस दिशा में है? (सभी मोड़ केवल 90° वाले मोड़ हैं)

A. उत्तर-पश्चिम

B. दक्षिण-पश्चिम ✓

C. दक्षिण-पूर्व

D. उत्तर-पूर्व

Q27 General Intelligence and Reasoning

दिए गए विकल्पों में से उस अक्षरांकिक-समूह का चयन करें, जो निम्नलिखित शृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आ सकता है।

3Y7, 8X9, 15W11, 24V13, 35U15, ?

A. 48T17 ✓

B. 44S16

C. 49T19

D. 47S14

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q28 General Intelligence and Reasoning

एक निश्चित कूट भाषा में, 'क्लब' को 'विद्यालय' लिखा जाता है, 'विद्यालय' को 'खेल का मैदान' लिखा जाता है, 'खेल का मैदान' को 'घर' लिखा जाता है, 'घर' को 'बाजार' लिखा जाता है, और 'बाजार' को 'बस' लिखा जाता है।

विद्यार्थी अध्ययन करने कहां जाते हैं?

A. बस

B. खेल का मैदान ✓

C. विद्यालय

D. घर

Q29 General Intelligence and Reasoning

आठ मित्र एक वर्गाकार मेज के चारों ओर इस प्रकार बैठे हैं, कि उनमें से चार इसके कोनों पर, और चार इसकी भुजाओं के मध्य में बैठे हैं। उन सभी का मुख मेज के केंद्र की ओर है। सिंडी, लियो और रोजर दोनों के ठीक बगल में बैठी है। लियो और रोजर दोनों मेज के कोनों पर बैठे हैं। केट और डिल्लन के बीच केवल तीन मित्र बैठे हैं। बेन, लियो के दाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। सिंडी, डिल्लन के दाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठी है। लुईस और सिंडी के बीच केवल तीन मित्र बैठे हैं। मायरा, रोजर के बाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठी है। डिल्लन के दाईं ओर ठीक बगल में कौन बैठा/बैठी है?

A. सिंडी

B. रोजर ✓

C. मायरा

D. लुइस

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q30 General Intelligence and Reasoning

दी गई बैठक व्यवस्था संबंधी जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें, और पूछे गए प्रश्न का उत्तर दें।

प्रशांत, कमल, ऋषि, सुनीता, तन्वी, विमल, वजीर और योगिता एक वर्गाकार मेज पर इस प्रकार बैठे हैं कि उनमें से चार मेज के चार कोनों पर बैठे हैं, जबकि अन्य चार मेज की चार भुजाओं में से प्रत्येक के मध्य में बैठे हैं। मेज के कोनों पर बैठे चारों व्यक्तियों का मुख मेज के केंद्र की ओर है, जबकि मेज की भुजाओं के मध्य में बैठे चारों व्यक्तियों का मुख मेज के केंद्र के विपरीत दिशा में है। प्रशांत, जिसका मुख मेज के केंद्र की ओर है, विमल के दाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठा है। तन्वी, जिसका मुख मेज के केंद्र की ओर है, विमल के ठीक बगल में नहीं बैठी है। विमल और वजीर के बीच में केवल एक व्यक्ति बैठा है। सुनीता कमल के दाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठी है। कमल का मुख मेज के केंद्र की ओर है। ऋषि, प्रशांत के ठीक बगल में नहीं बैठा है।

कमल से संबंधित निम्नलिखित कथनों में से कौन सा सत्य है?

A. कमल, योगिता के ठीक बगल में बैठा है।

B. कमल, विमल के ठीक बगल में बैठा है। ✓

C. कमल, तन्वी और सुनीता दोनों के ठीक बगल में बैठा है।

D. कमल, तन्वी के दाईं ओर ठीक बगल में बैठा है।

Q31 General Intelligence and Reasoning

पांच उम्मीदवार, J, K, L, M और N एक ही पंक्ति में उत्तर की ओर मुख करके बैठे हुए एचआर प्रबंधक द्वारा साक्षात्कार के लिए इंतजार कर रहे हैं। N, K के बाईं ओर है। L, K और J दोनों के ठीक बगल में बैठा है। यदि J बाईं ओर से चौथे स्थान पर है, तो N दाईं ओर से किस स्थान पर है?

A. दाईं ओर से चौथे स्थान पर

B. दाईं ओर से पांचवें स्थान पर ✓

C. दाईं ओर से दूसरे स्थान पर

D. दाईं ओर से तीसरे स्थान पर

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q32 General Intelligence and Reasoning

दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। कथनों में दी गई जानकारी को सत्य मानते हुए विचार करें, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, और तय करें कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन से कथनों का तार्किक रूप से पालन करते हैं?

कथन:

(a) कुछ फ़ाइज़ केक हैं।

(b) सभी बर्गर केक हैं।

(c) सभी केक चिप्स हैं।

निष्कर्ष:

I. सभी फ़ाइज़ चिप्स हैं।

II. कुछ चिप्स फ़ाइज़ हैं।

III. सभी बर्गर चिप्स हैं।

A. केवल निष्कर्ष I और II पालन करते हैं।

B. केवल निष्कर्ष II और III पालन करते हैं। ✓

C. सभी निष्कर्ष पालन करते हैं।

D. केवल निष्कर्ष I और III पालन करते हैं।

Q33 General Intelligence and Reasoning

मोहन चलना शुरु करता है, और वह पहले दक्षिण दिशा में जाता है। फिर वह अपनी बाईं ओर मुड़ता है, और कुछ दूर चलता है। इसके बाद, वह अपनी दाईं ओर मुड़ता है, और कुछ दूर चलता है। अब, यदि वह अपनी बाईं ओर मुड़ता है, और पुनः कुछ दूर चलता है, तो अब मोहन किस दिशा में चल रहा है? (सभी मोड़ केवल 90° वाले मोड़ हैं)

A. दक्षिण

B. उत्तर

C. पूर्व ✓

D. पश्चिम

Q34 General Intelligence and Reasoning

दिए गए विकल्पों में से उस अक्षरांकिक-समूह का चयन करें, जो निम्नलिखित शृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आ सकता है।

7B9, 14D18, 21G28, 28K39, ?

A. 35P51 ✓

B. 32P49

C. 35P49

D. 33P51

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q35 General Intelligence and Reasoning

कुछ छात्रों के वजन से संबंधित आंकड़े दिए गए हैं। इन सभी छात्रों को मिलाकर माध्य वजन (Kg में) ज्ञात कीजिए।

छात्रों की संख्या	छात्रों का वजन (Kg में)
5	31
7	25
6	20
4	35
3	20

A. 22

B. 28

C. 23

D. 26 ✓

Blackbook

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

General Intelligence and Reasoning 35 Questions • Answer Key

Q1 General Intelligence and Reasoning

दिए गए विकल्पों में से उस संख्या का चयन कीजिए, जो निम्नलिखित श्रेणी में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आ सकती है।

23, 33, 49, 73, 109, ?

A. 119
B. 135
C. 123
D. 163 ✓

Q2 General Intelligence and Reasoning

दिए गए विकल्पों में से उस संख्या का चयन करें, जो निम्नलिखित श्रेणी में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आकर श्रेणी को जारी रख सकती है।

67, 71, 79, 91, 107, ?

A. 131
B. 123
C. 127 ✓
D. 119

Q3 General Intelligence and Reasoning

एक निश्चित कूट भाषा में, 'CELL' को '32' लिखा जाता है और 'PHONE' को '58' लिखा जाता है। उसी कूट भाषा में 'BOLD' को किस प्रकार लिखा जाएगा?

A. 43
B. 32
C. 54
D. 33 ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q4 General Intelligence and Reasoning

दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। कथनों में दी गई जानकारी को सत्य मानते हुए विचार करें, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, और तय करें कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन से कथनों का तार्किक रूप से पालन करते हैं?

कथन:

I. सभी चाबियां ताले हैं।

II. कुछ ताले दरवाजे हैं।

निष्कर्ष:

I. कुछ दरवाजे चाबियां हैं।

II. कुछ दरवाजे ताले हैं।

A. केवल निष्कर्ष I पालन करता है।

B. दोनों निष्कर्ष पालन करते हैं।

C. केवल निष्कर्ष II पालन करता है। ✓

D. न तो निष्कर्ष I और न ही II पालन करता है।

Q5 General Intelligence and Reasoning

यदि गांव A, गांव B के पश्चिम में स्थित है; गांव C, गांव A के दक्षिण में स्थित है; और गांव D, गांव C के पूर्व में स्थित है; तो गांव D, गांव A के सापेक्ष किस दिशा में स्थित है?

A. उत्तर-पूर्व

B. दक्षिण-पूर्व ✓

C. पूर्व

D. उत्तर

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q6 General Intelligence and Reasoning

यदि

'S # T' का अर्थ है - 'S, T का पिता है',

'S $ T' का अर्थ है - 'S, T की मां है',

'S @ T' का अर्थ है - 'S, T का पति है',

'S = T' का अर्थ है - 'S, T का पुत्र है',

तो निम्नलिखित व्यंजक के अनुसार E का L से क्या संबंध है?

L $ Q = B # D @ E $ O

A. सास

B. मां

C. पुत्रवधू ✓

D. पुत्री

Q7 General Intelligence and Reasoning

चार अक्षर-समूह दिए गए हैं, जिनमें से तीन किसी तरह से संगत हैं, और एक असंगत है। असंगत का चयन कीजिए।

A. SQX

B. JGO ✓

C. DBI

D. HFM

Q8 General Intelligence and Reasoning

P, Q, R, S, T और U नामक छह कंपनियां, एक 6 - मंजिला इमारत की विभिन्न मंजिलों पर स्थित हैं, लेकिन उनका इसी क्रम में होना अनिवार्य नहीं हैं। इमारत की सबसे निचली मंजिल का क्रमांक 1 है, उसके ऊपर की मंजिल का क्रमांक 2 है, और इसी तरह सबसे ऊपरी मंजिल का क्रमांक 6 है। कंपनी Q, मंजिल क्रमांक 1 पर स्थित नहीं है। कंपनी P की मंजिल से नीचे पांच कंपनियां स्थित हैं। कंपनियों T और P की मंजिलों के बीच केवल दो कंपनियां स्थित हैं, और कंपनियों Q और U की मंजिलों के बीच भी केवल दो कंपनियां स्थित हैं। कंपनी S एक विषम क्रमांक वाली मंजिल पर स्थित है, लेकिन सबसे निचली मंजिल पर स्थित नहीं है। कौन सी कंपनी मंजिल क्रमांक 1 पर स्थित है?

A. P

B. T

C. R

D. U ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q9 General Intelligence and Reasoning

पांच मित्र A, B, C, D और E एक वृत्ताकार व्यवस्था में केंद्र की ओर मुख करके बैठे हैं। उनके बैठने के क्रम को निम्नलिखित शर्तों की पूर्ति करनी चाहिए:

1. A और C एक - दूसरे के ठीक बगल में बैठे हैं।
2. C, D के दाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है।
3. A, D के ठीक बगल में नहीं बैठा है।
4. B, A के बाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है।

C के सापेक्ष E की स्थिति क्या होगी?

A. E, C के दाईं ओर ठीक बगल में है।

B. E, C के दाईं ओर तीसरे स्थान पर है।

C. E, C के बाईं ओर दूसरे स्थान पर है।

D. E, C के दाईं ओर दूसरे स्थान पर है। ✓

Q10 General Intelligence and Reasoning

रोहित पश्चिम की ओर चला और दक्षिणावर्त दिशा में 45° मुड़ा। वह पुनः दक्षिणावर्त दिशा में 180° मुड़ा। अंत में, वह वामावर्त दिशा में 270° मुड़ा। अंत में, रोहित के सामने कौन सी दिशा थी?

A. दक्षिण

B. उत्तर-पश्चिम

C. पश्चिम

D. दक्षिण-पश्चिम ✓

Q11 General Intelligence and Reasoning

36 विद्यार्थियों वाली एक कक्षा में, तीन विद्यार्थियों के स्थान रोहित और नीचे से 21$^{वें}$ स्थान पर मौजूद विद्यार्थी के बीच हैं। रोहित का स्थान, नीचे से 21$^{वें}$ स्थान पर मौजूद विद्यार्थी से नीचे है। रोहित का स्थान शीर्ष से कौन सा है?

A. 19$^{वां}$

B. 22$^{वां}$

C. 20$^{वां}$ ✓

D. 18$^{वां}$

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q12 General Intelligence and Reasoning

यदि 1 अगस्त 2021 को रविवार था, तो 1 नवंबर 2021 को कौन सा दिन था?

A. मंगलवार

B. शुक्रवार

C. सोमवार ✓

D. रविवार

Q13 General Intelligence and Reasoning

आठ मित्र, A, B, C, D, E, F, G और H एक वर्गाकार मेज के चारों ओर बैठे हैं। उनमें से चार मेज के चारों कोनों पर बैठे हैं, और उनका मुख केंद्र की ओर है। अन्य चार, चारों भुजाओं में से प्रत्येक के मध्य में बैठे हैं, और उनका मुख केंद्र के विपरीत दिशा में है। E का मुख केंद्र की ओर है, और वह G के ठीक बगल में नहीं बैठा है। A का मुख केंद्र की ओर है, और वह G के दाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठा है। D, B के दाईं ओर ठीक बगल में बैठा है। B का मुख केंद्र की ओर है, जबकि C, A के ठीक बगल में नहीं बैठा है। G और H के बीच में केवल एक व्यक्ति बैठा है।

इनमें से कौन F के दाईं ओर ठीक बगल में बैठा है?

A. E ✓

B. G

C. A

D. D

Q14 General Intelligence and Reasoning

छह मित्र पूर्व की ओर मुख करके एक बेंच पर बैठे हैं। फलक, चारु के दाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठी है। सरगुन और करण के बीच केवल दो मित्र बैठे हैं। चारू बेंच के उत्तरी सिरे पर है। आरव, फलक के बाईं ओर ठीक बगल में बैठा है। वैभव और करण एक दूसरे के ठीक बगल में बैठे हैं। इनमें से कौन दक्षिण सिरे से दूसरे स्थान पर बैठा है?

A. सरगुन

B. फलक

C. करण ✓

D. आरव

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q15 General Intelligence and Reasoning

एक निश्चित कूट भाषा में, 'OBTAIN' को 'NATBOI' लिखा जाता है, और 'BEGGER' को 'RGGEBE' लिखा जाता है। उसी कूट भाषा में 'RUGGED' को किस प्रकार लिखा जाएगा?

A. DGUGRE

B. DGGURE ✓

C. GGURED

D. DGGUER

Q16 General Intelligence and Reasoning

दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। कथनों में दी गई जानकारी को सत्य मानते हुए विचार करें, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, और तय करें कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन से कथनों का तार्किक रूप से पालन करते हैं?

कथन:

(a) कुछ बॉक्स बैग हैं।

(b) सभी पाउच बैग हैं।

निष्कर्ष:

I. कुछ बैग बॉक्स हैं।

II. कुछ पाउच बॉक्स हैं।

A. केवल निष्कर्ष II पालन करता है।

B. निष्कर्ष I और II दोनों पालन करते हैं।

C. केवल निष्कर्ष I पालन करता है। ✓

D. न तो निष्कर्ष I और न ही II पालन करता है।

Q17 General Intelligence and Reasoning

A, E से छोटा है, किंतु C से लंबा है। C, D से लंबा है, किंतु B से छोटा है, जो A से छोटा है। उनमें से कौन सबसे लंबा है?

A. A

B. E ✓

C. D

D. B

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q18 General Intelligence and Reasoning

दिए गए कथनों पर विचार करें और बताएं कि दी गई धारणाओं में से कौन सी कथन में निहित हैं?

कथन:

किसानों को उनकी उपज के मूल्य के साथ उत्पादन लागत का 10% अतिरिक्त दिया जाना चाहिए।

धारणाएं:

I. ऐसे किसान हैं, जिन्हें मौद्रिक सहायता की आवश्यकता है।

II. किसानों को उत्पादन लागत के अतिरिक्त धन की आवश्यकता नहीं है।

A. केवल धारणा I निहित है। ✓

B. न तो धारणा I और न ही II निहित है।

C. धारणाएं I और II दोनों ही निहित हैं।

D. केवल धारणा II निहित है।

Q19 General Intelligence and Reasoning

छह सहपाठी - राज, श्रुति, मयंक, प्रेयेश, वीरेन और ओजस एक ही कक्षा में पढ़ते हैं। वीरेन, राज से लंबा है। ओजस की लंबाई, प्रेयेश के बराबर है, जो श्रुति से लंबा है। मयंक, वीरेन से लंबा है। राज, श्रुति से लंबा नहीं है। दी गई जानकारी के आधार पर, निम्नलिखित में से कौन सा विकल्प अनिवार्यतः सही नहीं है?

A. ओजस, राज से लंबा है।

B. वीरेन, श्रुति से लंबा है। ✓

C. श्रुति, ओजस से छोटी है।

D. राज, मयंक से छोटा है।

Q20 General Intelligence and Reasoning

दिए गए संख्या-युग्मों में से प्रत्येक में, दूसरी संख्या, पहली संख्या पर निश्चित गणितीय संक्रियाएं करके प्राप्त की जाती है। दिए गए चार संख्या युग्मों में से तीन एक समान पैटर्न का पालन करते हैं, और इस प्रकार एक समूह बनाते हैं। उस संख्या-युग्म का चयन करें, जो उस समूह से संबंधित नहीं है।

A. 43, 86 ✓

B. 24, 70

C. 18, 52

D. 39, 115

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q21 General Intelligence and Reasoning

पांच वस्त्र, स्वेटर, जैकेट, कोट, दस्ताने और पतलून, अलग-अलग कपड़े - ऊन, फर, मखमल, फलालैन और तफ़ता से बने हैं, लेकिन उनका इसी क्रम में होना अनिवार्य नहीं है। इसके अलावा, प्रत्येक का रंग अलग-अलग - लाल, नारंगी, काला, सफेद और पीला है, लेकिन उनका इसी क्रम में होना अनिवार्य नहीं है।

जैकेट और पतलून मखमल से नहीं बने हैं। स्वेटर नारंगी रंग का है। कोट फर से बना है, लेकिन यह काले या लाल रंग का नहीं है। दस्ताने पीले रंग के हैं, लेकिन ये फलालैन या तफ़ता से नहीं बने हैं। नारंगी रंग के वस्त्र ऊन से बने हैं। जैकेट फलालैन से बना है, और यह न तो काले और न ही सफेद रंग का है। पतलून सफेद रंग का नहीं है।

इनमें से कौन सा वस्त्र मखमल से बना है?

A. पतलून

B. स्वेटर

C. दस्ताने ✓

D. कोट

Q22 General Intelligence and Reasoning

यदि '+' का अर्थ भाग है, '÷' का अर्थ घटाना है, '−' का अर्थ गुणा है, और '×' का अर्थ जोड़ना है, तो दिए गए व्यंजक का मान ज्ञात कीजिए।

175 - 10 + 2 × 165 ÷ 25 + 5 = ?

A. 1045

B. 1025

C. 1015

D. 1035 ✓

Q23 General Intelligence and Reasoning

P, Q, R, S, T, और U एक वृत्ताकार मेज के परितः केंद्र की ओर मुख करके बैठे हैं। P, U के बाईं ओर दूसरे स्थान पर, और Q के दाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठा है। S, U के दाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। R, Q के बाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। Q और T दोनों के ठीक बगल में कौन बैठा है?

A. P

B. U

C. S ✓

D. R

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q24 General Intelligence and Reasoning

दिए गए विकल्पों में से उस अक्षर-समूह का चयन करें, जो निम्नलिखित शृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आकर दी गई शृंखला को जारी रख सकता है।

KMI, IKG, GIE, ?

A. GEB

B. GEC

C. EGC ✓

D. EGB

Q25 General Intelligence and Reasoning

उस विकल्प का चयन कीजिए, जिसका पांचवें अक्षर-समूह से वही संबंध है, जो चौथे अक्षर-समूह का तीसरे अक्षर-समूह से है, और दूसरे अक्षर-समूह का पहले अक्षर-समूह से है।

IGRS : NJWV :: BMYF : GPDI :: XQSB : ?

A. CUXF

B. BUWF

C. BTWE

D. CTXE ✓

Q26 General Intelligence and Reasoning

एक निश्चित कूट भाषा में 'CUP' को 'DAO' लिखा जाता है, और 'RAN' को 'SEM' लिखा जाता है। उसी कूट भाषा में 'BAD' को किस प्रकार लिखा जाएगा?

A. COC

B. COD

C. CEC ✓

D. CED

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q27 General Intelligence and Reasoning

दिए गए विकल्पों में से कौन सा वह लगभग निकटतम मान है, जो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आएगा?

119.99 ÷ 14.99 × 25.01 - 19.98 × 4.96 = ?

A. 70

B. 360

C. 36

D. 100 ✓

Q28 General Intelligence and Reasoning

उस अक्षर-समूह का चयन कीजिए, जो निम्नलिखित शृंखला में रिक्त स्थान की पूर्ति कर सकता है।

ANDR, DKJL, GHPF, JEVZ, _____, PYHN

A. MBCT

B. MBBT ✓

C. MBTI

D. MBBS

Q29 General Intelligence and Reasoning

उस विकल्प का चयन कीजिए, जिसका पांचवें अक्षर-समूह से वही संबंध है, जो चौथे अक्षर-समूह का तीसरे अक्षर-समूह से है, और दूसरे अक्षर-समूह का पहले अक्षर-समूह से है।

FTPY : JVTA :: NVZG: RXDI :: MPRE : ?

A. QSVH

B. PRUG

C. PSUH

D. QRVG ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q30 General Intelligence and Reasoning

यदि 12 जुलाई 1965 को सोमवार था, तो 14 अगस्त 1966 को सप्ताह का कौन सा दिन था?

A. बुधवार

B. सोमवार

C. मंगलवार

D. रविवार ✓

Q31 General Intelligence and Reasoning

अक्षरों और प्रतीकों से युक्त निम्नलिखित व्यवस्था का अध्ययन करें (बाएं से दाएं की ओर) और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दें।

(बाएं) H S % V ^ E R U : F J # S A U & G * G H @ D C ! I N O ? S (दाएं)

इस व्यवस्था में, ऐसे कितने व्यंजन हैं, जिनके ठीक पहले एक स्वर है?

A. 4

B. 3

C. 5

D. 2 ✓

Q32 General Intelligence and Reasoning

दी गई जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें और पूछे गए प्रश्न का उत्तर दें।

A, B, C, D और E, स्वयं एक स्टाल से कुछ पेय खरीदते हैं। उनमें से चार, एक-एक कप कॉफी खरीदते हैं। B और D अन्य सभी की भांति चाय नहीं खरीदते हैं। वास्तव में, B केवल एक पेय खरीदता है, जो कोल्ड ड्रिंक है। B के अलावा कोई अन्य कोल्ड ड्रिंक नहीं ख़रीदता है। केवल A और E आइस-टी नहीं खरीदते हैं। निम्नलिखित में से कौन तीन पेय खरीदता है?

A. A

B. B

C. E

D. C ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q33 General Intelligence and Reasoning

एक प्रश्न और उसके बाद दो कथन - 1 और 2 दिए गए हैं। बताएं कि कौन से कथन प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त/आवश्यक हैं?

प्रश्न:

क्या मोहिता, शुभम से छोटी है, या बड़ी है?

कथन:

1. मोहिता की वर्तमान आयु, उसके पिता की आयु से ठीक 35 वर्ष कम है।

2. मोहिता का भाई, शुभम, जिसका जन्म 1954 में हुआ था, उसकी आयु भी उसके पिता की आयु से ठीक 34 वर्ष कम है।

A. कथन 1 और 2 दोनों आवश्यक हैं। ✓

B. कथन 2 अकेले पर्याप्त है, जबकि कथन 1 अकेले पर्याप्त नहीं है।

C. कथन 1 अकेले पर्याप्त है, जबकि कथन 2 अकेले पर्याप्त नहीं है।

D. या तो कथन 1 या कथन 2 पर्याप्त है।

Q34 General Intelligence and Reasoning

एक निश्चित कूट भाषा में, MORE को LNQD लिखा जाता है, और STOP को RSNO लिखा जाता है। उसी कूट भाषा में TOY को किस प्रकार लिखा जाएगा?

A. XNS

B. SNX ✓

C. NXS

D. PTU

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q35 General Intelligence and Reasoning

एक कक्षा के छात्रों की आयु से संबंधित आंकड़े दिए गए हैं। इन सभी छात्रों को मिलाकर माध्य आयु ज्ञात कीजिए।

छात्रों की संख्या	छात्रों की आयु
8	8
6	8
10	7
9	7
7	5

A. 6

B. 8

C. 5

D. 7 ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

General Intelligence and Reasoning 35 Questions • Answer Key

Q1 General Intelligence and Reasoning

एक निश्चित कूट भाषा में, TOTAL को 68 लिखा जाता है, और PEN को 35 लिखा जाता है। उसी कूट भाषा में OIL को किस प्रकार लिखा जाएगा?

A. 66

B. 56

C. 46

D. 36 ✓

Q2 General Intelligence and Reasoning

दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। कथनों में दी गई जानकारी को सत्य मानते हुए विचार करें, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, और तय करें कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन से कथनों का तार्किक रूप से पालन करते हैं?

कथन:

सभी चट्टानें चूड़ियां हैं।

कोई चूड़ी अंगूठी नहीं है।

कुछ अंगूठियां चेन हैं।

निष्कर्ष:

I. कुछ चूड़ियां चट्टानें हैं।

II. कुछ चेन चूड़ियां हैं।

A. केवल निष्कर्ष II पालन करता है।

B. न तो निष्कर्ष I और न ही II पालन करता है।

C. केवल निष्कर्ष I पालन करता है। ✓

D. निष्कर्ष I और II दोनों पालन करते हैं।

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q3 General Intelligence and Reasoning

उस विकल्प का चयन कीजिए, जिसका पांचवें अक्षर-समूह से वही संबंध है, जो दूसरे अक्षर-समूह का पहले अक्षर-समूह से है और चौथे अक्षर-समूह का तीसरे अक्षर-समूह से है।

PJEB : SQHI :: MCQX : PJTE :: LRCT : ?

A. OWFY

B. OYFA ✓

C. QWHY

D. QYHA

Q4 General Intelligence and Reasoning

यदि 21 मार्च 2021 को रविवार था, तो 12 जनवरी 2022 को कौन सा दिन होगा?

A. सोमवार

B. शुक्रवार

C. बुधवार ✓

D. रविवार

Q5 General Intelligence and Reasoning

एक तस्वीर की ओर इंगित करते हुए युविका ने कहा कि तस्वीर में मौजूद लड़का, उसके पिता की मां की पुत्री का पुत्र है। उस लड़के का युविका से क्या संबंध है?

A. चाचा/पिता का भाई

B. ममेरा भाई/मां के भाई का पुत्र

C. फुफेरा भाई/पिता की बहन का पुत्र ✓

D. भाई

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q6 General Intelligence and Reasoning

यदि 20 मई 2018 को रविवार था, तो 26 अगस्त 2018 को कौन सा दिन था?

A. रविवार ✓

B. शनिवार

C. बृहस्पतिवार

D. शुक्रवार

Q7 General Intelligence and Reasoning

रवीश कुमार दक्षिण की ओर मुख करके दौड़ना शुरू करता है। वह 20 m दौड़ता है, फिर बाएं मुड़ता है, और फिर 30 m और दौड़ता है। फिर, वह बाएं मुड़ता है, और 70 m दौड़ता है। अंत में वह पुनः बाएं मुड़ता है, और 30 m चलता है।

आरंभ बिंदु के सापेक्ष, रवीश कुमार की वर्तमान स्थिति क्या है? (सभी मोड़ केवल 90° वाले मोड़ हैं)

A. दक्षिण, 70 m

B. पूर्व, 30 m

C. पश्चिम, 20 m

D. उत्तर, 50 m ✓

Q8 General Intelligence and Reasoning

एक सात-मंजिला इमारत में, मंजिलों को 1 से 7 तक क्रमांक दिए गए हैं। A, B, C, D, E, और F में से प्रत्येक अलग-अलग मंजिल पर रहते हैं। भूतल का मंजिल क्रमांक 1 है, इसके ऊपर की मंजिल का मंजिल क्रमांक 2 है, और इसी तरह सभी मंजिलों को मंजिल क्रमांक दिए गए हैं। इमारत की एक मंजिल खाली है। B मंजिल क्रमांक 6 पर रहता है। मंजिल क्रमांक 3 के नीचे की कोई मंजिल खाली नहीं है; और कोई विषम क्रमांक वाली मंजिल खाली नहीं है। A और F की मंजिलों के बीच केवल B रहता है। E और D की मंजिलों के बीच केवल एक व्यक्ति रहता है। C और F की मंजिलों के बीच केवल दो व्यक्ति रहते हैं। C, F के नीचे की किसी मंजिल पर रहता है। D और B के बीच की मंजिलों पर एक से अधिक व्यक्ति रहते हैं। इनमें से कौन से क्रमांक वाली मंजिल खाली है?

A. 4 ✓

B. 6

C. 5

D. 7

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q9 General Intelligence and Reasoning

दी गई जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें, और पूछे गए प्रश्न का उत्तर दें।

गणेश, राजू, रोहित, ईशा, जनक, प्रीति, चंदन और मधुर आठ कर्मचारी हैं, जो किसी चर्चा के लिए एक वृत्ताकार मेज के परितः केंद्र की ओर मुख करके बैठे हैं। उनके पेशे - पायलट, चिकित्सक, प्रकाशक, इंजीनियर, महाप्रबंधक, यूनियन लीडर, शोधकर्ता और डीन हैं, लेकिन उनका इसी क्रम में होना अनिवार्य नहीं है। राजू, प्रीति के बाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। डीन, प्रीति के बाईं ओर ठीक बगल में बैठा है। डीन और गणेश के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। इंजीनियर और गणेश के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। प्रकाशक, इंजीनियर के दाईं ओर ठीक बगल में बैठा है। मधुर, प्रीति के दाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। ईशा डीन है। रोहित और जनक एक - दूसरे के ठीक बगल में बैठे हैं। न तो रोहित और न ही जनक इंजीनियर है। महाप्रबंधक, राजू के बाईं ओर ठीक बगल में बैठा है। यूनियन लीडर, प्रकाशक के दाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। शोधकर्ता, इंजीनियर के ठीक बगल में बैठा है। रोहित, पायलट के दाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है।

डीन के सापेक्ष चंदन का स्थान कौन सा है?

A. दाईं ओर दूसरा ✓

B. बाईं ओर तीसरा

C. दाईं ओर तीसरा

D. बाईं ओर दूसरा

Q10 General Intelligence and Reasoning

दो कथन - I, और II दिए गए हैं। ये कथन या तो स्वतंत्र कारण हो सकते हैं, या स्वतंत्र कारणों या किसी एक उभयनिष्ठ कारण के प्रभाव हो सकते हैं। इनमें से एक कथन दूसरे कथन का प्रभाव हो सकता है। दोनों कथनों को पढ़िए और तय कीजिए कि निम्नलिखित में से कौन सा विकल्प इन दोनों कथनों के बीच के संबंध को सही ढंग से दर्शाता है?

कथन:

I. छात्रों ने रोजगार के अपर्याप्त अवसरों के खिलाफ अपने विरोध को समाप्त कर दिया।

II. छात्र, रोजगार प्रदान करने में सरकार की असमर्थता की प्रत्याशा में विरोध पर चले गए।

A. कथन II कारण है, और कथन I इसका प्रभाव है।

B. कथन I कारण है, और कथन II इसका प्रभाव है।

C. कथन I और II, दोनों स्वतंत्र कारणों के प्रभाव हैं। ✓

D. कथन I और II, दोनों स्वतंत्र कारण हैं।

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q11 General Intelligence and Reasoning

एक निश्चित कूट भाषा में 'MANGO' को 'NCQKT' लिखा जाता है, 'APPLE' को 'BRSPJ' लिखा जाता है, उसी कूट भाषा में 'PEARS' को किस प्रकार लिखा जाएगा?

A. QGDVW

B. QGDVX ✓

C. QDDVY

D. QGDUW

Q12 General Intelligence and Reasoning

दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। कथनों में दी गई जानकारी को सत्य मानते हुए विचार करें, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, और तय करें कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन से कथनों का तार्किक रूप से पालन करते हैं?

कथन:

(a) कुछ स्कार्फ शॉल हैं।

(b) कुछ शॉल मफलर हैं।

निष्कर्ष:

I. कुछ स्कार्फ मफलर हैं।

II. कुछ मफलर शॉल हैं।

A. निष्कर्ष I और II दोनों पालन करते हैं।

B. केवल निष्कर्ष II पालन करता है। ✓

C. केवल निष्कर्ष I पालन करता है।

D. न तो निष्कर्ष I और न ही II पालन करता है।

Q13 General Intelligence and Reasoning

यदि ÷ का अर्थ जोड़ना है, × का अर्थ घटाना है, + का अर्थ गुणा है, और - का अर्थ भाग है, तो निम्नलिखित व्यंजक का मान ज्ञात कीजिए:

30 - 10 + 4 × 6 ÷ 4 = ?

A. 13

B. 11

C. 12

D. 10 ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q14 General Intelligence and Reasoning

यदि राधा, कृष्ण के दक्षिण में बैठी है, और राहुल, कृष्ण के पूर्व में बैठा है, तो राधा, राहुल के सापेक्ष किस दिशा में बैठी है?

A. उत्तर-पूर्व

B. उत्तर-पश्चिम

C. दक्षिण-पूर्व

D. दक्षिण-पश्चिम ✓

Q15 General Intelligence and Reasoning

A, B, C, D, E और F क्रमांक वाले छः घोड़े, एक घुड़दौड़ में भाग ले रहे हैं। रेस ट्रैक पर, घोड़ा C, घोड़ा A और घोड़ा E के बीच में इस प्रकार खड़ा है कि वे दोनों इसके ठीक बगल में खड़े हैं। घोड़ा D किसी भी किनारे पर नहीं खड़ा है। घोड़ा B, घोड़ा E के दाईं ओर ठीक बगल में खड़ा है। घोड़ा F दाएं किनारे पर नहीं खड़ा है। घोड़ा D, घोड़ा B के बाईं ओर चौथे स्थान पर खड़ा है।

यदि सभी घोड़ों का मुख उत्तर दिशा की ओर है, तो कौन सा घोड़ा बाएं सिरे पर खड़ा है?

A. A

B. B

C. F ✓

D. C

Q16 General Intelligence and Reasoning

एक कक्षा में, अनु नीचे से $15^{\text{वें}}$ स्थान पर है, और ऊपर से $14^{\text{वें}}$ स्थान पर है। कक्षा में कितने विद्यार्थी हैं?

A. 28 ✓

B. 29

C. 30

D. 27

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q17 General Intelligence and Reasoning

निम्नलिखित में से कौन सी संख्या, श्रेणी 11, 19, 27, 35, 43,..... में संगत नहीं है?

A. 434 ✓

B. 195

C. 107

D. 307

Q18 General Intelligence and Reasoning

दिए गए कथन और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन से दिए गए कथन के आधार पर सत्य हैं?

कथन:

$Z > H \geq Y > R < D \geq F > X$

निष्कर्ष:

I. $Z \geq X$

II. $F > H$

A. केवल निष्कर्ष II सत्य है।

B. केवल निष्कर्ष I सत्य है।

C. न तो निष्कर्ष I और न ही निष्कर्ष II सत्य है। ✓

D. निष्कर्ष I और II दोनों सत्य हैं।

Q19 General Intelligence and Reasoning

दिए गए विकल्पों में से उस संख्या का चयन कीजिए, जो निम्नलिखित श्रेणी में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आ सकती है।

100, 93, 103, 96, 106, 99, ?

A. 109 ✓

B. 132

C. 127

D. 123

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q20 General Intelligence and Reasoning

चार व्यक्ति - श्वेता, रानू, एकाग्र और तन्मय एक वर्गाकार मेज के चारों कोनों पर बैठे हैं। उनमें से दो का मुख केंद्र की ओर है, जबकि दो का मुख केंद्र के विपरीत दिशा में है। रानू, तन्मय और श्वेता दोनों के दाईं ओर ठीक बगल में बैठी है। श्वेता, एकाग्र के दाईं ओर ठीक बगल में बैठी है। तन्मय, एकाग्र के बाईं ओर ठीक बगल में बैठा है। एकाग्र का मुख मेज के केंद्र की ओर नहीं है।

उन चारों में से किसका मुख मेज के केंद्र की ओर नहीं है?

A. श्वेता और एकाग्र ✓

B. एकाग्र और तन्मय

C. श्वेता और रानू

D. एकाग्र और रानू

Q21 General Intelligence and Reasoning

शब्द COMFORTS में ऐसे कितने अक्षर-युग्म (आगे और पीछे दोनों दिशाओं में) मौजूद हैं, जिनके बीच शब्द में उतने ही अक्षर हैं, जितने उनके बीच अंग्रेजी वर्णमाला के क्रम में हैं?

A. 4 ✓

B. 1

C. 2

D. 6

Q22 General Intelligence and Reasoning

एक निश्चित कूट भाषा में, 'BLISS' को 'MAITR' लिखा जाता है, और 'JAPAN' को 'BIPOZ' लिखा जाता है। उसी कूट भाषा में 'GLOBE' को किस प्रकार लिखा जाएगा?

A. MFOFA ✓

B. MFOEA

C. MFOCD

D. MFACD

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q23 General Intelligence and Reasoning

लियो, केसी, पामेला, अलीशा और एंड्रयू पांच मित्र हैं। उनमें से प्रत्येक को सेब, आम, स्ट्रॉबेरी, नाशपाती और खुबानी में से एक-एक फल पसंद है, लेकिन इसी क्रम में होना अनिवार्य नहीं है। इसके अलावा, उनमें से प्रत्येक के पेशे अलग - अलग - नर्तक, अभिनेता, गायक, डॉक्टर और प्रोफेसर में से हैं, लेकिन इसी क्रम में होना अनिवार्य नहीं है।

जिसे नाशपाती पसंद है, वह प्रोफेसर है। जिसे आम पसंद है, वह गायक या डॉक्टर है। लियो को सेब पसंद है, लेकिन वह न तो नर्तक है, और न ही डॉक्टर है। केसी गायक है। एंड्रयू को नाशपाती पसंद है। जो गायक है, उसे खुबानी पसंद है। अलीशा को स्ट्रॉबेरी पसंद है।

इनमें से कौन पेशे से डॉक्टर है?

A. अलीशा

B. केसी

C. एंड्रयू

D. पामेला ✓

Q24 General Intelligence and Reasoning

एक विद्यार्थी के पास आठ पुस्तकें - A, B, C, D, E, F, G और H हैं, उसे एक बैग में रखने के लिए उनमें से ठीक पांच का चयन करना है। कोई भी संयोजन स्वीकार्य है, बशर्ते यह निम्नलिखित शर्तों को पूरा करता हो:

* यदि A को चुना जाता है, तो F को नहीं चुना जा सकता है।
* यदि B को चुना जाता है, तो E को भी अवश्य चुना जाना चाहिए।
* यदि D को चुना जाता है, तो G को भी अवश्य चुना जाना चाहिए।

नीचे दिए गए विकल्पों में से पुस्तकों के उस संयोजन का चयन कीजिए, जो दी गई तीनों शर्तों को संतुष्ट करता हो।

A. A, B, C, D, G

B. B, D, E, F, G ✓

C. A, B, D, E, F

D. B, C, D, F, G

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q25 General Intelligence and Reasoning

पांच मित्र - अमित, बबलू, चिराग, दीपक और एकलव्य, जिनमें से प्रत्येक के पेशे - एडवोकेट, बॉक्सर, कोच, डॉक्टर और इंजीनियर में से अलग - अलग हैं, एक वृत्ताकार मेज के केंद्र की ओर मुख करके बैठे हैं।

1. बबलू बॉक्सर है, और दीपक डॉक्टर है।
2. अमित, कोच चिराग के दाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है।
3. बॉक्सर, कभी भी कोच के ठीक बगल में नहीं बैठता है।
4. डॉक्टर और बॉक्सर एक - दूसरे के ठीक बगल में बैठे हैं।

चिराग के दाईं ओर ठीक बगल में कौन बैठा है?

A. एकलव्य ✓

B. अमित

C. बबलू

D. दीपक

Q26 General Intelligence and Reasoning

दिए गए विकल्पों में से उस संख्या का चयन करें, जो निम्नलिखित श्रेणी में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आकर श्रेणी को जारी रख सकती है।

113, 115, 119, 125, 133, ?

A. 147

B. 143 ✓

C. 141

D. 152

Q27 General Intelligence and Reasoning

एक निश्चित कूट भाषा में, BUT को DWV लिखा जाता है, और LOW को NQY लिखा जाता है। उसी कूट भाषा में CUP को किस प्रकार लिखा जाएगा?

A. PUC

B. RWE

C. UCP

D. EWR ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q28 General Intelligence and Reasoning

उस विकल्प का चयन कीजिए, जिसका पांचवें अक्षर-समूह से वही संबंध है, जो दूसरे अक्षर-समूह का पहले अक्षर-समूह से है और चौथे अक्षर-समूह का तीसरे अक्षर-समूह से है।

WJOF : ZORK :: CPNY : FUQD :: XRLD : ?

A. CUQG

B. CWQI

C. AUOG

D. AWOI ✓

Q29 General Intelligence and Reasoning

दिए गए विकल्पों में से कौन सा वह लगभग निकटतम मान है, जो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आएगा?

259.99 ÷ 24.99 × 35.01 - 29.98 × 9.96 = ?

A. 80

B. 95

C. 75

D. 64 ✓

Q30 General Intelligence and Reasoning

बाएं से दाएं की ओर पढ़ने पर, दिए गए अक्षर-समूह में ऐसे कितने व्यंजन हैं, जिनके ठीक बाद एक स्वर है?

(बाएं) ATGH@7DOGKI7#PE41D&GOH4@3IKMBUCD (दाएं)

A. 6

B. 4

C. 3

D. 5 ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q31 General Intelligence and Reasoning

P और Q चाय और कॉफी पीना पसंद करते हैं। R और S कॉफी और एनर्जी ड्रिंक पीना पसंद करते हैं। Q और S चाय और कोल्ड ड्रिंक पीना पसंद करते हैं। R, S और T, एनर्जी ड्रिंक और आइस-टी पीना पसंद करते हैं।

निम्नलिखित में से किसे केवल तीन पेय, अर्थात - कॉफी, चाय और कोल्ड ड्रिंक, पीना पसंद हैं?

A. T

B. R

C. Q ✓

D. P

Q32 General Intelligence and Reasoning

छह सहकर्मी, एक कार्यालय में एक साथ कार्य करते हैं। टेड, आन से छोटा है। एली, रिकी से बड़ी है। स्टुअर्ट, टेड से बड़ा है। टेड की आयु, एली के बराबर है। रिकी, वेरोनिका से छोटा नहीं है। स्टुअर्ट, आन से छोटा है। उपरोक्त जानकारी के आधार पर निम्नलिखित में से कौन सा विकल्प सही नहीं है?

A. स्टुअर्ट, एली से बड़ा है।

B. वेरोनिका, टेड से छोटी है।

C. रिकी, टेड से बड़ा है। ✓

D. एली, आन से बड़ी नहीं है।

Q33 General Intelligence and Reasoning

दिए गए विकल्पों में से उस संख्या का चयन कीजिए, जो निम्नलिखित श्रेणी में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आ सकती है।

16, 29, 46, 65, 88, ?

A. 117 ✓

B. 101

C. 119

D. 123

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q34 General Intelligence and Reasoning

एक प्रश्न और दो कथन - I और II नीचे दिए गए हैं। दोनों कथनों को पढ़ें और उपयुक्त विकल्प का चयन करें।

प्रश्न: राहुल या विशाल में से कौन बड़ा है?

कथन:

I. राहुल का जन्म वर्ष 1987 में हुआ था, और वह विशाल की बहन से 5 वर्ष छोटा है।

II. विशाल की आयु, उसकी बहन की आयु की दोगुनी है।

A. कथन II अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है।


B. दोनों कथन एक साथ मिलकर प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं हैं।

C. दोनों कथन एक साथ मिलकर प्रश्न का उत्तर देने के लिए आवश्यक हैं। ✓

D. कथन I अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है।

Q35 General Intelligence and Reasoning

निम्नांकित पाई चार्ट एक विद्यालय में आयोजित उत्सव के व्यय के बंटन को दर्शाता है। नीला हिस्सा प्रोडक्शन पर हुए व्यय को निरूपित करता है, हरा हिस्सा प्रकाश व्यवस्था एवं संगीत व्यवस्था पर हुए व्यय को निरूपित करता है, लाल हिस्सा विज्ञापन पर हुए व्यय को निरूपित करता है, और नारंगी हिस्सा भोजन पर हुए व्यय को निरूपित करता है। पाई-चार्ट का अध्ययन करें और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दें:



यदि कुल व्यय ₹63,070 था तो भोजन एवं विज्ञापन पर हुआ कुल व्यय कितना था?

A. ₹30000

B. ₹25,000 ✓

C. ₹35000

D. ₹20000

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

General Intelligence and Reasoning 35 Questions • Answer Key

Q1 General Intelligence and Reasoning

निम्नलिखित अक्षर, संख्या, प्रतीक शृंखला का अध्ययन करें और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दें:

(बाएं) @ 5 7 R M # 2 Q Ω 3 Z A 4 @ W ! R # 5 N % A ! T & 4 A (दाएं)

ऐसे कितने अक्षर हैं, जिनके ठीक बाद एक प्रतीक है और ठीक पहले एक संख्या है?

A. 1

B. 4

C. 3

D. 2 ✓

Q2 General Intelligence and Reasoning

एक निश्चित कूट भाषा में,

'You are bad' को 'YO LO PO' लिखा जाता है, 'Schools are bad' को 'NO PO YO' लिखा जाता है, और 'You are human' को 'LO PO RO' लिखा जाता है।

उसी कूट भाषा में 'Human are bad' को किस प्रकार लिखा जाएगा?

A. RO NO PO

B. RO YO NO

C. RO PO LO

D. RO YO PO ✓

Q3 General Intelligence and Reasoning

एक निश्चित कूट भाषा में, BUTTER को 2212020518 लिखा जाता है, और MINED को 1391454 लिखा जाता है। उसी कूट भाषा में OIL को किस प्रकार लिखा जाएगा?

A. 15912 ✓

B. 17456

C. 12345

D. 18632

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q4 General Intelligence and Reasoning

लोकेश पूर्व की ओर 4 km चलता है, फिर बाएं मुड़ता है, और 3 km और चलता है। अंततः वह बाएं मुड़ता है, और 4 km चलकर रुक जाता है। अब उसके सामने की ओर कौन सी दिशा है, और वापस आरंभ बिंदु तक पहुंचने के लिए उसके द्वारा तय की जाने वाली न्यूनतम दूरी कितनी है? (सभी मोड़ केवल 90° वाले मोड़ हैं)

A. उत्तर, 4 km

B. पश्चिम, 7 km

C. उत्तर, 7 km

D. पश्चिम, 3 km ✓

Q5 General Intelligence and Reasoning

'P + Q' का अर्थ है - 'P, Q की पुत्री है',

'P × Q' का अर्थ है - 'P, Q का पुत्र है',

'P − Q' का अर्थ है - 'P, Q की पत्नी है',

दिए गए व्यंजक के लिए निम्नलिखित में से कौन सा विकल्प सही है?

'A + B − C × D'

A. B, D का पुत्र है।

B. C, D की पत्नी है।

C. A, D के पुत्र की पुत्री है। ✓

D. B, D की पुत्री है।

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q6 General Intelligence and Reasoning

कुछ विद्यार्थी एक पंक्ति में उत्तर की ओर मुख करके बैठे हैं। उनके स्थान निम्नलिखित शर्तों पर निर्भर हैं:

1. B, G और D दोनों के ठीक बगल में बैठा है।
2. H, B के बाईं ओर तीसरे स्थान बैठा है। H, A के दाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है।
3. C, H और G दोनों के ठीक बगल में बैठा है।
4. A और F पंक्ति के सिरों पर बैठे हैं, और F, B के दाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है।

पंक्ति में कितने विद्यार्थी हैं?

A. 8 ✓

B. 5

C. 6

D. 7

Q7 General Intelligence and Reasoning

1. पुनीत, कौशल, राखी और जगजीत चार मित्र हैं।
2. पुनीत और कौशल, रग्बी और क्रिकेट खेलते हैं।
3. कौशल और राखी, रग्बी और बैडमिंटन खेलते हैं।
4. पुनीत और जगजीत, क्रिकेट और बास्केटबॉल खेलते हैं।
5. राखी और जगजीत, बैडमिंटन और बास्केटबॉल खेलते हैं।

निम्नलिखित में से कौन क्रिकेट, बास्केटबॉल और बैडमिंटन खेलता है?

A. जगजीत ✓

B. राखी

C. कौशल

D. पुनीत

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q8 General Intelligence and Reasoning

रमन और उसकी बहन शिखा एक ही कक्षा में पढ़ते हैं। एक परीक्षा में रमन का स्थान नीचे से 11$^{वां}$ है, और उसी परीक्षा में शिखा का स्थान ऊपर से पहला है। यदि 11 छात्रों के स्थान, रमन और शिखा के बीच हैं, तो कक्षा में कितने छात्र हैं?

A. 24

B. 22

C. 25

D. 23 ✓

Q9 General Intelligence and Reasoning

S, N से छोटा है। P, S से लंबा है। Q, N से लंबा है, लेकिन H से छोटा है। N, P से लंबा है। यदि वे सभी लंबाई के अनुसार एक पंक्ति में खड़े हों, तो उनमें से कौन ठीक मध्य में होगा?

A. P

B. N ✓

C. H

D. Q

Q10 General Intelligence and Reasoning

दिए गए विकल्पों में से उस अक्षर-समूह का चयन करें, जो निम्नलिखित शृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आकर दी गई शृंखला को जारी रख सकता है।

KWX, NSA, QOD, TKG, WGJ, ?

A. CAN

B. AND

C. ZDM

D. ZCM ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q11 General Intelligence and Reasoning

छह सहकर्मी - रंजना, दीक्षा, चाहत, आकाश, रीता और सूरज एक पार्क में एक बेंच पर उत्तर की ओर मुख करके बैठे हैं। रीता बेंच के पूर्वी सिरे पर बैठी है। रंजना और चाहत एक दूसरे के ठीक बगल में बैठे हैं। आकाश और सूरज के बीच केवल दो सहकर्मी बैठे हैं। दीक्षा के दाईं ओर केवल एक सहकर्मी बैठा है। आकाश बेंच के पश्चिमी सिरे पर बैठा है। रीता और रंजना के बीच तीन सहकर्मी बैठे हैं। बेंच के पश्चिमी सिरे से तीसरे स्थान पर कौन बैठा है?

A. सूरज

B. रंजना

C. चाहत ✓

D. दीक्षा

Q12 General Intelligence and Reasoning

एक समूह के 8 विद्यार्थी - J, K, L, M, N, O, P और Q, एक दूसरे की ओर मुख करके दो पंक्तियों में बैठे हैं। प्रत्येक पंक्ति में चार विद्यार्थी हैं। Q और N एक दूसरे की ओर मुख करके बैठे हैं। Q, P और O दोनों के ठीक बगल में बैठा है। K, O के बाईं ओर ठीक बगल में बैठा है। K और J विकर्णतः सामने बैठे हैं। M और N, एक - दूसरे के ठीक बगल में नहीं बैठे हैं। L के सामने कौन बैठा है?

A. O ✓

B. N

C. K

D. Q

Q13 General Intelligence and Reasoning

एक निश्चित कूट भाषा में, CABLE को 65@7# लिखा जाता है, और PARKLET को 85917#2 लिखा जाता है। उसी कूट भाषा में ELRAP को किस प्रकार लिखा जाएगा?

A. 9#785

B. #9587

C. 7#958

D. #7958 ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q14 General Intelligence and Reasoning

